>

Title: Need to upgrade Kendriya Vidyalaya in Barwani district, Madhya Pradesh to Senior Secondary level and also take measures to construct a building for the Vidyalaya.

श्री मकनसिंह सोलंकी (खरगौन): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र मध्य प्रदेश के जिला बड़वानी की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय स्थापित है , लेकिन इस विद्यालय में 10वीं तक की कक्षाएं है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को अपने बच्चों की आगे की पढ़ाइ के लिए भारी परेशानी हो रही है। आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे स्कूलों में 11वीं में प्रवेश नहीं मिल पाता है। इसके कारण बच्चे पढ़ाई बीच में छोड़ने के लिए मजबूर हैं। मेरा जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है। इस विद्यालय का अभी तक अपना भवन नहीं है जिसके लिए जिला कलैक्टर बड़वानी द्वारा लीज डीड संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है तथा भवन निर्माण में आ रही बाधाओं को भी दूर कर दिया गया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल को कई बार अनुरोध करने के बाद भी भवन निर्माण का कार्य हो पाया है।

मेरा केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध है कि पिछड़े तथा आदिवासी जिले में 11वीं-12वीं की कक्षाओं को मंजूरी देने तथा भवन निर्माण के लिए तत्काल निर्देश देने की कृपा करें।